हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 29 जुलाई 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 आरक्षक द्वारा यूपीआई से एसपी को 59 सौ रुपए...



07 ठाट-बाट से निकली सोनेश्वर महादेव की...



## खबर संक्षेप

### शोधार्थी अर्पणा पुरोहित को मिली सीनियर रिसर्च फेलोशिप

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय, सागर के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग की शोधार्थी अर्पणा पुरोहित को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद की सीनियर रिसर्च फेलोशिप प्रदान की गई है। वे प्रो. वंदना सोनी के निर्देशन एवं प्रो. सुशील कुमार कश्यप के सह-निर्देशन में कैंसर उपचार हेतु शोध कार्य कर रही हैं। फार्मेसी विभाग के शोधार्थी निलेश प्रसाद एवं छात्र आदर्श शर्मा, विजय प्रताप अहिरवार ने यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर शैक्षणिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने मार्गदर्शक प्रो. संजय के. जैन, विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश के. पाटिल तथा फार्मेसी विभाग के समस्त शिक्षकों को दिया है। विद्यार्थियों ने इस सफलता पर अपने माता-पिता और मित्रों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। जिनके अपार प्रेम और समर्थन ने मुझे यह सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### जिले में अब तक 694.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 694.8 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 899.5 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 534.8 मि.मी., जैसीनगर में 621.7 मि.मी., राहतगढ़ में 899.5 मि.मी., बीना में 628.2 मि.मी., खुरई में 735.2 मि.मी, मालथौन में 746.3 मि.मी., बण्डा में 671.2 मि.मी, शाहगढ में 707.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 653.4 मि.मी, रहली में 590.9 मि.मी, देवरी में 708.9 मि.मी. तथा केसली में 839.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### बाल अधिकार आयोग के सदस्यों का चार दिवसीय सागर संभाग प्रवास

**सागर।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य 31 जुलाई से 1 अगस्त तक सागर जिले के प्रवास पर रहेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस दौरान आयोग द्वारा सागर जिले के संज्ञान में लिए गए प्रकरणों की समीक्षा हेतु 1 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सदस्यद्वय औंकार सिंह एवं डॉ. निवेदिता शर्मा 28 जुलाई को दमोह, 29 जुलाई को छतरपुर, 30 जुलाई को टीकमगढ़ और 31 जुलाई से 1 अगस्त तक सागर जिले में रहेंगे। इन सभी जिलों में आयोग द्वारा संज्ञान में लिए गए प्रकरणों के निराकरण हेतु समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी और विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण भी किया जाएगा। इस दौरे का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना और संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाना है।

### विद्यालयों का लगातार किया जा रहा निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने विगत दिवस समस्त एसडीएम, तहसीलदार को निर्देशित किया है कि जिले में संचालित सभी लोकसेवा केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करें एवं लोकसेवा केंद्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लें। इसी परिपेक्ष्य में सागर एसडीएम आदिती यादव, राहतगढ़ एसडीएम श्री अशोक सेन, रहली एसडीएम श्री गोविंद दुबे सहित अन्य एसडीएम के द्वारा तहसीलदारों के साथ लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण किया जाकर लोकसेवा केंद्र द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली गई।

## अनुशासन ,आत्मविश्वास तथा सहीआक्रमण की रणनीति ने भारत को कारगिल विजय दिलाई : कर्नल राम सिंह

# कारगिल युद्ध में पाकिस्तान ने अपने 200 सैनिकों के शव लेने से मना कर दिया था जिन्हें भारत के सैनिकों ने सम्मान के साथ दफनाया : मेजर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एन सी सी,तथा सैनिक कल्याण बोर्ड सागर के संयुक्त तत्वाधान में कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि एवं उनके शौर्य को नमन एवं याद करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व सैनिक कल्याण समिति सागर के पूर्व अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल राम सिंह, रिटायर्ड मेजर एस सी शर्मा, रिटायर्ड कर्नल आर.एस. यादव एवं रिटायर्ड कर्नल गजराज सिंह, पूर्व सैनिक कल्याण समिति सागर के वर्तमान अध्यक्ष रिटायर्ड कैप्टन यू.पी.एस भदौरिया उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त द्वारा लिखित पंक्तियां -जो भरा नहीं है भावों से, जिसमें बहती रसधार नहीं। वह हृदय नहीं पत्थर है, जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। के माध्यम से वीर सैनिकों के शौर्य एवं बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यम-यमी संवाद द्वारा बताया कि हमारे प्राचीन ग्रंथो में लिखा गया है कि देश सेवा करने वाला व्यक्ति सात लोकों में सर्वश्रेष्ठ लोक सतलोक को प्राप्त होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शहीद सैनिकों से देश सेवा,कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कर्नल राम सिंह ने कहा कि अनुशासन, आत्मविश्वास तथा सहीआक्रमण की रणनीति ने भारत को कारगिल विजय दिलाई। भारतीय सेना अपने आत्मविश्वास के द्वारा विश्व की किसी भी सेना का सामना करने में सक्षम है।

रिटायर्ड मेजर एस.सी शर्मा ने कहा कि कारगिल युद्ध में पाकिस्तान ने अपने 200 सैनिकों के शव लेने से मना कर दिया था जिन्हें भारत के सैनिकों ने सम्मान के साथ दफनाया ने भारत विभाजन की त्रासदी और पाकिस्तान द्वारा बार-बार भारत को प्रत्यक्ष एवं छद्म तरीके से युद्ध में उलझने और युद्ध करने के लिए मजबूर करने की बात कही। उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य को 1971 के युद्ध में पाकिस्तानी सेना के एक तिहाई सैनिकों को समर्पण करने को मजबूर करने की कहानी सुना कर स्थापित किया। उन्होंने कारगिल युद्ध के समय की विभिन्न घटनाओं का तिथि वार विवरण भी विद्यार्थियों को बताया।

रिटायर्ड कर्नल आर.एस यादव ने कहा कारगिल युद्ध पाकिस्तान की दूसरे देशों की जमीन पर कब्जा करने का जीता जागता उदाहरण है। धार्मिक एवं सैन्य उत्सवों को मनाने का उद्देश्य अपनी वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी को अपने स्वर्णिम अतीत, शौर्य और बलिदान का स्मरण करना तथा उन्हें प्रेरणा देना है। उन्होंने कारगिल क्षेत्र की बर्फीली ऊंची एवं दुर्गम पहाड़ियों में कठिन परिस्थितियों में भारतीय सैनिकों द्वारा साहस से लड़े गए युद्ध और युवा शहीद सैनिकों -विक्रम बत्रा,योगेंद्र यादव,मनोज पांडे के बलिदान एवं समर्पण को अश्रुपूरित आंखों से स्मरण किया। उन्होंने सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स को अनुशासित बनने, करियर के प्रति सजग रहने एवं देश सेवा के लिए समर्पित रहने के लिए सत प्रतिशत प्रयास करने की सलाह दी।

रिटायर्ड कर्नल राम सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह भी 11 एनसीसी बटालियन के सदस्य थे और अपने एन ओ सर की प्रेरणा से महार रेजीमेंट में भर्ती हुए। उन्होंने छात्रों को आज के वातावरण में बढ़ती प्रतिस्पर्धा -घटते रोजगार को देखते हुए सलाह दी कि वे प्रतिदिन कॉलेज में उपस्थित होकर शिक्षक से मार्गदर्शन प्राप्त करें, अंग्रेजी भाषा और कंप्यूटर स्किल्स को सीखें साथ ही एनसीसी में उच्च कोटि का सर्टिफिकेट प्राप्त कर सेना में अपना भविष्य बनाएं।अग्नि वीर भर्ती में छात्रों को मार्गदर्शन करने के लिए शीघ्र ही अग्निवीर इंस्टिट्यूट स्थापित करने की बात भी उन्होंने कही।पूर्व सैनिक कल्याण समिति सागर के अध्यक्ष रिटायर्ड कैप्टन भदौरिया ने बताया कि कारगिल युद्ध में भारतीय नौसेना ने जब उत्तरी अरब सागर में पाकिस्तान की आर्थिक नाकेबंदी की तब पाकिस्तान युद्ध में पीछे हटने के लिए मजबूर हुआ।



## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला संपन्न, 407 युवाओं का प्राथमिक चयन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के मार्गदर्शन में सागर जिले के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन शासकीय सहोद्रा राय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सागर में किया गया। इस रोजगार मेला कार्यक्रम में कुल 508 अभ्यर्थियों ने सहभागिता की, जिसमें से 407 अभ्यर्थियों का प्राथमिक स्तर पर विभिन्न कंपनीस के द्वारा चयन किया गया। प्रथम चरण मे चयनित कुल अभ्यर्थियों में 321 को पे-रोल पर, 69 प्रतिभागियों का चयन अप्रेंटिसशिप योजना तथा 07 प्रतिभागियों का चयन मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत चयन किया गया। मेले में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका अंगूरी ठाकुर जिला रोजगार अधिकारी, संस्था प्राचार्य डॉ. वाय.पी . सिंह, संस्था के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. मयंक कुमार रूसिया, सहित शासकीय सहोद्रा राय पॉलीटेक्निक कॉलेज सागर से एस. आर. आठिया, बी. आर. पहाड़े, के. एस. बागरी, एम. सी. कोरी का विशेष सहयोग रहा। संभागीय आईटीआई सागर से जोनल लेवल ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर परमानंद सेन, महेश प्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र सागर का सराहनीय योगदान रहा।

# वृक्ष होंगे तो भविष्य होगा, पौधे लगाओ जीवन बचाओ : डॉ. प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश द्वारा "जीवनी शक्ति का आधार है पौधरोपण" विषय को दृष्टिगत करते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन साथ किया गया। पौधरोपण सप्ताह के अन्त्रगत महिलाओं ने फलदार वृक्ष लगाकर धरती का हम करें श्रृंगार को चरितार्थ किया। इसके उपरान्त अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हम सभी को देश के अच्छे नागरिक होने का भी कर्तव्य निभाना है, वृक्ष न केवल पृथ्वी का श्रृंगार हैं, बल्कि जीवन का आधार भी हैं। हमारी जीवन शक्ति, अर्थात वह ऊर्जा जो हमें जीने, सोचने और कार्य करने की प्रेरणा देती है उसका मूल स्त्रोत यही प्रकृति है, और प्रकृति की आत्मा हैं वृक्ष। आज जिस वायु को हम साँसों में भरते हैं, वह वृक्षों के बिना संभव नहीं। वे ऑक्सीजन प्रदानकरते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वर्षा लाते हैं, जल स्त्रोतों को संचित करते हैं, पशु-पक्षियों का घर बनते हैं और पृथ्वी के तापमान को संतुलित बनाए रखते हैं। हमें पौधरोपण को केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक पवित्र संकल्प बनाना चाहिए। अगर हम प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक वृक्ष लगाए और उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों को हम एक सुरक्षित और समृद्ध पर्यावरण दे सकते हैं। जहाँ हरियाली होगी, वहीं सजीवता होगी। और जहाँ वृक्ष होंगे, वहीं जीवन शक्ति होगी। हमें यह समझना होगा कि हर एक वृक्ष, एक जीवन है। वृक्षों से ही जीवन में ऊर्जा है, पर्यावरण में संतुलन है और पृथ्वी पर हरियाली है। ''वृक्ष होंगे तो भविष्य होगा, वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ।'' जीवन की शक्ति पेड़ों से है। यदि हम आज भी नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियों को सिर्फ धूल और धुआँ मिलेगा। इसलिए पौधरोपण को अपनी जिम्मेदारी और आदत बनाएँ।

## पशुपतिनाथ मंदिर में आज से पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम




**सागर।** तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में आज दिनांक 29 जुलाई मंगलवार से नौ दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम प्रारंभ होगा जो 6अगस्त बुधवार तक चलेगा। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि आज सुबह 8 बजे कलश स्थापना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हो जायेगा प्रतिदिन प्रातः 8बजे से 11बजे तक रुद्रनिर्माण होगा, 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक पूजन अभिषेक किया जायेगा 5 अगस्त मंगलवार को एकादशी पर्व पर रुद्राभिषेक के साथ कृष्णाभिषेक भी किया जायेगा, 7अगस्त गुरुवार को हवन पूर्णाहुति और कन्यभोज का आयोजन होगा।

## सागर-रहली रोड से गोवंश हटाने की कार्रवाई जारी

**सागर।** सागर जिले के रहली क्षेत्र में सागर-रहली रोड पर आवारा गोवंश की समस्या को देखते हुए कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान का संचालन रहली एसडीएम गोविंद दुबे के नेतृत्व में किया जा रहा है, जिसमें सड़क पर घूम रहे गोवंश को हटाकर सुरक्षित रूप से गौशालाओं में भेजा जा रहा है। यह कार्रवाई लगातार जारी है और प्रतिदिन विशेष टीमों के माध्यम से सड़क से गोवंश हटाए जा रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि यह अभियान आगे भी अनवरत जारी रहेगा और किसी को भी अपने मवेशी सड़क पर खुला छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है ताकि रहली क्षेत्र को गोवंश मुक्त कर एक सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।


# आज खुलेगा गढ़ाकोटा में नागचंद्रेश्वर जी मंदिर, साल में केवल एक दिन नागपंचमी पर ही खुलता है मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



जिले में कई धार्मिक स्थान अपना ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। वही इस परिप्रेक्ष्य में इस तरह के धार्मिक स्थलों के उदाहरण पूरे देश में केवल कुछ ही जगह देखने को मिलते हैं। जिलेवासियों के लिए यह धन्य होने वाली बात है कि गढ़ाकोटा में कुछ ऐसी ही बातें और तथ्य यहां के नागचंद्रेश्वर जी मंदिर से जुड़े हुए हैं। सबसे पहले बात करें इसकी विशिष्टता की तो उज्जैन में ही नागचंद्रेश्वर जी का मंदिर है। इसके बाद देश में यह केवल हमारे जिले के गढ़ाकोटा में ही है। साल में केवल एक दिन यानी नागपंचमी के दिन ही यह मंदिर श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए खोला जाता है। उज्जैन के बाद गढ़ाकोटा में नागचंद्रेश्वर का मंदिर नागपंचमी के दिन ही खोला जाता है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष से भी नागपंचमी के दिन मंगलवार को साल भर में सिर्फ एक दिन के लिए श्री नागचंद्रेश्वर के दिव्य दर्शन भक्तों के लिए मंदिर के कपाट खोले जाते हैं। श्रद्धालु सुबह से लेकर अर्ध रात्रि तक भगवान के दर्शन करते हैं । इस मंदिर में सभी देवी-देवता विराजमान हैं और एक साथ सभी के दर्शन करने का सौभाग्य श्रद्धालुओं को मिलता है। उज्जैन में देश का प्रथम मंदिर और दूसरा गढ़ाकोटा नगर के मुख्य बाजार में स्थित विश्वकर्मा समाज का दिव्य पंच महादेव मंदिर है जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए भगवान के यहां माथा टेकते हैं। नाग पंचमी के दिन नागचंद्रेश्वर के दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटी रहती है और दर्शन के लिए उनका तांता लगा रहा रहता है। साल में केवल एक दिन ही खुलने के कारण इसका विशिष्ट महत्व और अधिक बढ़ जाता है। माना जाता है कि जो भी भक्त यहां सच्चे मन से अपनी मनोकामना मांगने आते हैं, वे पूरी होती हैं। केवल जिले से ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों और अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में भक्तगण यहां पहुंचे। बता दें कि उज्जैन का विश्वप्रसिद्ध मंदिर नागेश्वर मंदिर भी साल में केवल एक दिन यानी नागपंचमी के लिए ही दर्शनों के लिए खोला जाता है। इस दिन दर्शन और पूजा-पाठ का विशेष महत्व माना जाता है।उज्जैन के बाद नागचंद्रेश्वर जी का दूसरा मंदिर गढ़ाकोटा में है।

## विधानसभा में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने पद्मश्री स्व. रामसहाय पांडे को श्रद्धांजलि दी



**सागर।** मध्यप्रदेश विधानसभा का सत्र जुलाई-अगस्त 2025 आरंभ होने के पहले दिन सदन में कार्यवाही के दौरान सागर के दिवंगत पद्मश्री स्व रामसहाय पांडे को पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सदन में कहा कि स्वर्गीय रामसहाय पांडे जी जिन्होंने बुन्देलखण्ड हमारी लोक संस्कृति है, लोक परम्परा है को न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में लोगों तक पहुँचाने का काम किया। पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री का बहुत हृदय से अभिनन्दन करना चाहता हूँ कि उन्होंने बुन्देलखण्ड के स्वर्गीय रामसहाय जी की लोक कला का सम्मान करते हुए उनको 'पद्मश्री' से अलंकृत किया था। स्व. पांडे जी की लोक कला के प्रति इतनी प्रतिबद्धता थी कि वह 90 वर्ष की आयु में भी जिस तरह से अपनी लोक कला की प्रस्तुति करते थे, तो सारे लोग अचंभित रह जाते थे। निश्चित रूप से उनकी लोक कला को हम सब प्रणाम करते हैं, उनके चरणों में प्रणाम करते हैं। सागर के होने के नाते हम सबको उन पर गर्व है, इसलिए मैं अपनी ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। स्व पांडे सहित सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि के उपरांत सदन की कार्यवाही 29 जुलाई, प्रातः 11 तक के लिए स्थगित हो गई।



## हरियाली तीज नवांकुर सखी गढाकोटा की हरियाली यात्रा का हुआ आयोजन

**गढाकोटा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद रहली विकासखंड के गढाकोटा नगर में हरियाली तीज पर नवाकुँर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चदौला के सुनील कुमार पांडे के द्वारा नवाकुँर सखी गढाकोटा में हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में अंजलि पाठक द्वारा बताया गया कि नवाकुँर सखियां 11 बीज रोपित एवं अँकुरित पौधे रोपित थैलियो के माध्यम से अपने घर की बगिया पौधे विकसित करेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी एवं हरिनारायण पटेल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की गई तथा हमारे जीवन में पेड़-पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। हमारे लिए शुद्ध जीवनदायिनी वायु पेड़ पौधों से मिलती हैं । कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा कलश जन जागरूकता यात्रा रैली निकाली गई। कार्यक्रम में अभियान की प्रस्तुत विस्तृत जानकारी आशीष उपाध्याय व प्रदीप रजक द्वारा दी गई आभार नगर विकास समिति अध्यक्ष सीमा पांडे के द्वारा



## ग्राम बहरोल में अहिरवार महासभा जिला सागर की बैठक संपन्न, मृत्युभोज बंद करने की ली शपथ

**सागर।** अहिरवार महासभा जिला सागर की बैठक ग्राम बहरोल में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता काशीराम अहिरवार ने की। बैठक के मुख्य अतिथि एड. धनसिह अहिरवार ने कहा कि समाज में मृत्यु भोज एक अभिशाप है जहां एक ओर समाज में जब कोई व्यक्ति हमारे बीच से देवलोक गमन कर जाता है और समाज उस दुखी परिवार के ऊपर मृत्यु भोज का बोझ डालता है तब उस व्यक्ति के ऊपर जहां उसके परिवार का एक व्यक्ति कम हो जाता है वहीं पर हम दुख की घड़ी में मृत्यु भोज कैसे कर सकते हैं। इस बात पर समाज के सभी साथियों ने शपथ ली कि हम आज के बाद मृत्युभोज नहीं करेंगे। अध्यक्ष काशीराम अहिरवार ने कहा कि समाज में सबसे बड़ी बीमारी नशा है जिसे हम लोगों को नशामुक्त समाज बनाना है। कार्यक्रम को राकेश अहिरवाल, डॉक्टर राजकुमार, कलू माते, शंकर माते व समाज के अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप अहिरवार ने किया व आभार हरिकिशन अहिरवार ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजेश अहिरवार को जिला सदस्य व गब्बर अहिरवार सरपंच को बहरोल पंचायत अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश सेवारा, रामसेवक, राकेश अहिरवार सेमरा, मोहन अहिरवार, सहित विभिन्न ग्रामों से आये समाज के लोग उपस्थित थे। बैठक में 35 ग्रामों के समाज जन व नवनियुक्त अध्यक्ष गण उपस्थित थे।



## श्री झूलेलाल चालीहा महामहोत्सव 2025 मूर्ति सजाओ में गुनगुन आहूजा प्रथम

**सागर।** सिंधी कॉलोनी में चल रहे वरुण अवतार भगवान झूलेलाल चालीहा महामहोत्सव में आज झूलेलाल मूर्ति सजाओ प्रतियोगिता हुई। प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया की प्रतियोगिता में 65 लोगो ने भाग लिया जिसमे प्रथम गुनगुन आहूजा, माही तलरेजा, अंकित कोटवानी, अंश गुरनानी, प्रिन्सी, मन्नत नागवानी, शिवंशी तलरेजा, तमन्ना खत्री, रोशन फब्वानी, शिष्टि तलरेजा, डिम्पल चांदवानी आदि को पुरस्कार मंडली संस्थापक लालाराम मेठवानी, अध्यक्ष सुरेश मोहनानी, महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत, वीनू आहूजा, विजय निरंकारी, भारती मोहनानी, दिलीप वाधवानी ने दिए ।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम ने बिटिया के इलाज की व्यवस्था कराई

**विदिशा।** ग्राम हिनोतिया में रहने वाली बेटिया राखी पिता सुनील पाल गंभीर बीमारी से जूझ रही है। गांव के प्रदीप रघुवंशी को जब यह जानकारी लगी तो उन्होंने केंद्रीय मंत्री और मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बिटिया की बीमारी के बारे में चर्चा की और उसे पूर्व सीएम से मिलवाया। शिवराज सिंह चौहान ने युवा मोर्चा के जिला मंत्री प्रदीप रघुवंशी की बात को गंभीरता से लेते हुए तुरंत दिल्ली एम्स में फोन लगाकर बिटिया के इलाज की व्यवस्था कराई।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 30 जुलाई को

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 30 जुलाई को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे एनआइसी केंद्र में आरंभ होगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### कुरवाई में बेतवा घाट पर मगरमच्छ दिखा

**कुरवाई।** बेतवा नदी में लगातार बारिश होने के कारण नदी का जल स्तर बढ़ रहा है। ऐसे में नदी में जलीय जीव इधर-उधर जा रहे हैं। रविवार को बेतवा नदी के बड़े पुल के पास एक बड़े मगरमच्छ को तैरते हुए देखा गया। जिसका लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। प्रशासन ने नदी किनारे मछली पकड़ने जाने वालों को और नदी में स्नान करने वालों को दूर रहने की सलाह दी है।

---

### यूपीआई से ट्रांजेक्शन के संबंध में जारी की गई एडवाइजरी

# आरक्षक द्वारा यूपीआई से एसपी को 59 सौ रुपए भेजने पर मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

एक आरक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिये ज़ब 5 हजार से अधिक की राशि भेजी गई। तब उक्त राशि देखकर एसपी मंडलोई हक्के बक्के रह गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त आरक्षक को तत्काल एसपी कार्यालय बुलाया गया और मामले की संपूर्ण जानकारी ली गई। उक्त मामले को सुन पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। लेकिन ज़ब हकीकत सामने आई तब एसपी मंडलोई द्वारा यूपीआई ट्रांजेक्शन को लेकर जनहित में एडवाईजरी जारी की गई। साथ ही हकीकत जानने के बाद पुलिस विभाग ने राहत की सांस ली।



#### आरक्षक द्वारा पैसे भेजने के बाद एडवाईजरी जारी करने की हुई जरूरत महसूस

एसपी कार्यालय द्वारा बताया गया कि सोमवार 28 जुलाई को जिले के पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिये पुलिस विभाग के ही एक आरक्षक महेंद्र रावत द्वारा अनजाने में पांच हजार नौ सौ रुपये की राशि गलती से भेज दी गई थी। उक्त मामले की गंभीरता को समझते हुए एसपी मंडलोई ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित आरक्षक महेंद्र को एसपी कार्यालय बुलाया और स्थिति की वस्तुनिष्ठ जांच पड़ताल की गई। इसके उपरांत 5900 रूपये की उक्त पूरी राशि तत्काल आरक्षक महेंद्र के बैंक खाते में वापस की गई। साथ ही आरक्षक महेंद्र को भविष्य में ऐसी त्रुटियों से बचने के लिए ऑनलाइन लेन-देन में आवश्यक सतर्कता बरतने की स्पष्ट समझाइश दी गई। लेकिन तभी यूपीआई ट्रांजेक्शन को लेकर आमजन को भी सावधानियां बरतने की एडवाईजरी जारी किये जाने का प्लान एसपी मंडलोई के दिमाग़ में आया, जिससे आमजन भी यूपीआई ट्रांजेक्शन में किसी प्रकार की कोई गलती या आर्थिक नुकसान से बच सके।

#### विश्वासनीय ऐप का उपयोग कर गुप्त रखें अपने कोड, जल्दबाजी से बचें

एसपी मंडलोई ने जागरूक करते हुए कहा कि केवल विश्वसनीय और अधिकृत एप्लिकेशन ' ही उपयोग करें। जैसे कि फोनपे, गूगल पे, भीम ऐप आदि। यूपीआई पिन को कभी भी किसी से साझा न करें। न ही किसी को कॉल पर बताएं। साथ ही यह भी ध्यान रखे कि बैंक या पुलिस कभी भी आपकी गोपनीय जानकारी फोन पर नहीं मांगते। सार्वजनिक वाई-फाई पर ट्रांजेक्शन करने से बचें। इससे आपकी जानकारी असुरक्षित हो सकती है। जल्दबाजी में लेन-देन करने से बचें। क्योंकि एक क्षण की सावधानी करके आप बड़ी हानि से बच सकते है।

#### पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने की आमजनों से अपील

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अपील करते हुए कहा कि डिजिटल लेन-देन की सुविधा जितनी आसान है, उतनी ही संवेदनशील भी है। नागरिकों को चाहिए कि वे सतर्क रहें और हर लेन-देन से पहले दो बार सोचें। क्योंकि सावधानी ही सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस आपकी सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव तत्पर है। किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल निकटतम पुलिस थाने की साइबर हेल्प डेस्क या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

#### एसपी मंडलोई ने दी यूपीआई ट्रांजेक्शन करते समय सावधानी बरतने की जानकारी

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि डिजिटल माध्यम से लेन-देन करते समय सावधानियाँ अवश्य बरतें। लेन-देन करने से पहले प्राप्तकर्ता की जानकारी की पूरी जांच करें। जैसे कि मोबाइल नंबर, यूपीआई आईडी, खाता संख्या, या क्यूआर कोड आदि। अनजान लिंक या कॉल से मिली यूपीआई रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। क्योंकि साइबर ठगो द्वारा फर्जी रिक्वेस्ट भेजकर पैसे निकाले जा सकते हैं। प्रत्येक ट्रांजेक्शन का स्क्रीनशॉट और एसएमएस अलर्ट को सुरक्षित रखें। क्योंकि संदिग्ध गतिविधि होने पर यह सबूत के तौर पर काम आकर सहायक साबित होगा।

---

### 4 चोरों से एक नग भैंस व पिकअप वाहन जब्त

# एसपी के निर्देश पर भैंस चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के थाना कुड़ीला क्षेत्र अंतर्गत हुई भैसों की चोरी मामले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में कुडीला पुलिस द्वारा उक्त चोरी के चार आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से चारों चोरों को जेल भेज दिया गया। चोरो के कब्जे से भैसों सहित 90 हजार रूपये कीमत का माल भी बरामद किया गया। पुलिस ने उक्त मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में कुड़ीला थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह घोष के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही की गई। कुड़ीला थाना क्षेत्र में हुई भैंसों की चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पहले पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित की गई पुलिस टीम द्वारा कार्य करते हुये थाना कुडीला में धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत दर्ज मामले में चोरी गयी भैसे एवं अज्ञात आरोपियो की जानकारी करने में मुखबिर तंत्र की सहायता ली गई। जिसमें सफलता हासिल कर पुलिस टीम के द्वारा अज्ञात चोरो पता लगाया गया। इस मामले में आरोपी बैजनाथ यादव उम्र 43 साल निवासी वार्ड नम्बर 13 दमका मोहल्ला खरगापुर, देवेन्द्र यादव उम्र 23 साल, नीरज यादव उम्र 21 साल एबं हल्के उर्फ दयाली चढार उम्र 24 साल को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से एक नग भैस व एक नग पडिया जप्त की गई जिसकी कीमत 90 हजार रूपये आँकी गई। साथ ही चोरी में उपयोग किये गए वाहन बुलेरो पिकअप क्रमांक यूपी 94 एटी 1451 को जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहाँ से चारो आरोपियों को जेल भेज दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में कुड़ीला थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह घोषी, सहायक उपनिरीक्षक असलम, प्रधान आरक्षक ताहिर खांन, अनिल शर्मा, आरक्षक गिरजेश लोधी, चन्द्रकान्त उपाध्याय, वेदप्रकाश शर्मा, सुनील कुमार, मनोज दुबे, आरक्षक राहुल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

### संवेदनशील पहल कर मां को मिलाया उसके बिछड़े डेढ़ वर्षीय बालक

# एक मां की ममता भरी गुहार सुन एसपी ने की त्वरित कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की संवेदनशीलता का मानवीय पहलू एक वार पुनः तब देखने को मिला ज़ब एक माँ ने ममता से भरी गुहार एसपी मंडलोई से लगाकर अपने बिछड़े डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चे से मिलाने की संवेदना से भरी हुई मांग की। मां की ममता को देख पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने मानवीय संवेदनशीलता से पूर्ण त्वरित कार्रवाई करते हुए माँ को डेढ़ वर्ष वर्ष का पुत्र वापस दिला दिया। जानकारी के अनुसार मोहनगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम शिवराजपुर निवासी महिला सीताबाई अहिरवार ने स्वयं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर गुहार लगाई कि उनका डेढ़ साल का मासूम बच्चा उनके पति देशराज अहिरवार द्वारा जबरन अपने पास रख लिया गया है और पति देशराज द्वारा सीतावाई को उसका बच्चा सौंपने से इंकार किया जा रहा है। माँ सीतावाई की व्यथा और उसकी ममता से भरी पुकार को सुनते ही पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने अत्यंत संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल थाना मोहनगढ़ एवं महिला थाना टीकमगढ़ को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर कार्यवाही करने के लिए कहा।

पुलिस की सक्रियता एवं संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप कुछ ही समय में बच्चे को सकुशल बरामद कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय लाया गया। जहाँ उसे उसकी माँ सीताबाई के सुपुर्द कर दिया गया। मां और बच्चे के पुनर्मिलन का यह भावुक क्षण वहाँ उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भी द्रवित कर गया। इस घटना ने पुनः यह प्रमाणित कर दिया कि जिला पुलिस न केवल क़ानून व्यवस्था की रक्षा में तत्पर है, बल्कि मानवीय सरोकारों और सामाजिक संवेदनशीलता में भी अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा से निभा रही है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे प्रकरणों में संवेदनशीलता और सहानुभूति रखते हुए शीघ्रता से कार्य करें, ताकि जरूरतमंदों को समय पर न्याय और सुरक्षा मिल सके।

---



### परशुराम सेना ने किया कांवड़ यात्रा का आयोजन

# महेंद्र सागर तालाब से जलभरकर महादेव को किया अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शहर में राष्ट्रीय परशुराम सेना की ओर से कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शहर के महेंद्र सागर तालाब स्थित प्रतापेश्वर मंदिर से शुरू हुई। और कुंडेश्वर पहुंचकर यात्रा का समापन किया गया। कावड़ यात्रा में जिले के बरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र तिवारी और नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने पालकी में विराजमान भगवान की पूजा अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने तालाब का जल कांवड़ में भरकर शिव धाम कुंडेश्वर के लिए पैदल यात्रा शुरू की। यात्रा में आकर्षक नंदी पर भोलेनाथ के स्वरूप को विराजमान किया गया। भक्तों ने नंदी और भोलेनाथ की झांकी को हाथों से खींचा। कांवड़ यात्रा के संयोजक और राष्ट्रीय परशुराम सेना के युवा इकाई के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने बताया कि प्रतापेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा के बाद यात्रा आरंभ हुई। सभी भक्त धार्मिक गीतों पर नाचते-गाते हुए 6 किलोमीटर पैदल चलकर कुंडेश्वर पहुंचे। कुंडेश्वर पहुंचकर भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। पूजा-अर्चना के साथ भक्तों ने जिले की सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय परशुराम सेवा महिला इकाई की अध्यक्ष नीतू द्विवेदी, सौरभ शर्मा, गोलू अग्निहोत्री, दिनेश आदि रहे मौजूद।

---

### कलेक्टर व सीएमओ को आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग

# दीवाल बनाकर बारिश का पानी रोकने से कॉलोनीवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



बारिश के पानी के लिए बनी परंपरागत ढाल से पानी निकासी को स्थाई दीवाल का निर्माण कर रोकने की बजह से अब कॉलोनी में जलभराव हो रहा है जिसकी बजह से समस्त कॉलोनीवासी परेशान हो रहे हैं। उक्त मामला शहर के पठला मोहल्ले का है जिसमे जलभराव होने की बजह से कॉलोनी में मच्छर पनप रहे हैं। साथ ही बातावरण में बदबू व सड़ाध फ़ैल रही है। कॉलोनी वासियो ने उक्त स्थिति से निपटने के लिए कलेक्टर व नगर पालिका सीएमओ को आवेदन देकर समस्या हल करने की मांग की है। पठला मोहल्लावासियो ने आवेदन में बताया कि टीकमगढ़ किला स्थित भूमि खसरा क्रमांक 507/2/1 में लोगों के रहवासी मकान बने हुए है। इस भूमि से नीचे की ओर स्थित जमीन खसरा क्रमांक 534/2, 525/3, 526, 527, 528/5, 529/4, 534/1, 526 की भूमि पर कृपाल व महेश विश्वकर्मा काबिज है। कालोनीवासियों के निस्तार का पानी ऊपर से नीचे की ओर बिगत कई वर्षों से निकल रहा था। इसके पूर्व भी परम्परागत रूप से वारिस के पानी की निकासी चली आ रही थी। किन्तु अभी कुछ महिनों पूर्व उक्त विश्वकर्मा बंधुओं ने पक्की स्थाई दीवाल बनाकर इस पानी की निकासी को अवरूद्ध कर दिया है। जिससे कॉलोनी में जलभराव होने से क्षेत्र में गंदगी व बदबू फैल रही है। कीड़े व मच्छर हो रहे है। रहवासियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जहरीले कीड़े निकलने लगे है। आगामी समय में बारिश जारी रहने से बड़ी समस्या हो जायेगी। इसलिए उक्त दीवाल को तोड़कर पानी निकासी की व्यवस्था किया जाना नितांत आवश्यक है। इसके साथ ही आगे भविष्य में भी पानी की निकासी को बंद ना किये जाने का इंतजाम भी किया जाना जरूरी है। पठला मोहल्लावासियो ने आवेदन में मांग करते हुए कहा कि उक्त समस्या का शीघ्र निराकरण कर दोषी लोगों के विरूद्ध दण्डात्मक वैधानिक कार्यवाही की जाये और मोहल्लेवासियो को इस समस्या से निजात दिलाई जाये।

---



### टीएल बैठक में मुख्य चर्चा का विषय रहा बाढ़, अतिवृष्टि से क्षति व फ़सल का मुद्दा

**टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने बाढ़ व अतिवृष्टि से हुई क्षति, फसलों की स्थिति को लेकर मुख्य रूप से चर्चाकर रणनीति वनाई और अधिकारियो को दिशा निर्देश जारी किये। इसके अलावा टीएल बैठक में एक पेड़ मां के नाम, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, आयुष्मान भारत योजना, विभिन्न विभागों के अंतर्गत ई केवाईसी की प्रगति , सीएम डेस बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा , विभिन्न आयोगों, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त पत्रों के उत्तर भेजने, टी एल पत्रों पर की गई कार्यवाही , जीर्णशीर्ण शाला भवनों व कक्षों की मरम्मत के लिए किए गए प्रयास, जीर्णशीर्ण कक्ष से कक्षाओं को अन्य कक्ष व भवन में शिफ्ट करने के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल, बल्देवगढ़ एसडीएम भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

### दो गांवों व शहर में निकले धामन सांप का सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

# सांपों को देख सहमे ग्रामीण, सर्पमित्र ने बताया सांपो को किसान दोस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





बारिश का मौसम आते ही बिलो में पानी भरजाने की वजह से जमीन के नीचे रहने बाले साँप व अन्य जीव बाहर निकल आते हैं। जिले के दो अलग-अलग गांवों में सोमवार को धामन सांप निकलने की घटनाएं सामने आईं। जिन्हे देखकर ग्रामीणों में खौफ बैठ गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन रक्षक दीपेश प्रजापति और सर्प मित्र अमर सिंह लोधी मौके पर पहुंचे। और साँपो की प्रजाति को देख उक्त दोनों सर्पमित्रो ने साँपो को किसानो का दोस्त बताया।

सर्पमित्र अमर सिंह ने दोनों स्थानों से सांपों का रेस्क्यू किया। उन्होंने बताया कि एक सांप पहाड़ी गांव से और दूसरा महाराजपुरा गांव से पकड़ा गया है। लेकिन पकड़े गए दोनों धामन प्रजाति के हैं। जो किसानो के दोस्त माने जाते है। सर्प मित्र अमर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने खेत में सांप देखने की सूचना दी थी। धामन सांप में जहर नहीं होता है, फिर भी लोग इसे देखकर डर जाते हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जहरीले और गैर-जहरीले सांपों के बारे में जागरूक किया। अमर सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ लोगों की धारणा कि धामन सांप पूंछ से काटता है, जो कि पूरी तरह गलत है। अमर सिंह ने बताया कि धामन सांप को 'किसान मित्र' इसलिए कहा जाता है। क्योंकि यह चूहों को खाकर किसानों की फसलों की रक्षा करता है। रेस्क्यू के दौरान उन्होंने लोगों को समझाया कि इस सांप को मारने की बजाय सुरक्षित किया जाना चाहिए। वन रक्षक दीपेश प्रजापति ने बताया कि दोनों सांपों को पकड़कर वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया है। सोमवार को ही शहर की जज कॉलोनी में एक जज के बंगले से वनरक्षक दीपेश प्रजापति ने साँप का रेस्क्यू किया। यह साँप भी धामन प्रजाति का पाया गया। जिसके बारे में वनरक्षक दीपेश ने मौके पर मौजूद लोगो को धामन साँप की खूबी बताई कि ये जहरीला नहीं होता बल्कि ये साँपो को खाकर किसानो की मदद करता है। इसलिए इस साँप से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। धामन सांप के प्रति लोगो में व्याप्त धारणा को भी वन रक्षक दीपेश ने गलत बताते हुए कहा कि धामन साँप अपनी पूंछ से डंक नहीं मारता। इस दौरान वन रक्षक दीपेश ने धामन सांप की पूंछ को पकड़कर भी दिखाया।

### शाही सवारी के दौरान शिवमय हुआ शहर का नजारा, नजर आई उज्जैन सी झलक

# ठाट-बाट से निकली सोनेश्वर महादेव की शाही सवारी, दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शिव की नगरी श्योपुर में सोमवार को निकली सोनेश्वर महादेव की शाही सवारी ने श्योपुर की पावन धरा को शिवमय कर दिया। पालकी में सवार बाबा महाकाल के दर्शन व पालकी को छुने के लिए हर कोई आतुर था। किला स्थित श्री सोनेश्वर महादेव मंदिर से जैसे ही बाबा महाकाल की शाही सवारी निकली तो हर-हर महादेव, जय महाकाल के उद्घोष से पूरा माहौल शिव की भक्ति में तल्लीन हो गया। ढोल-ताशे, झांज मजीरे, बैंड बाजे एवं डीजे की धुन पर बाबा महाकाल के भजनों में श्रद्धालु भोले की भक्ति में झूम उठे।

सावन के तीसरे सोमवार को यह शाही सवारी उज्जैन के बाबा महाकाल की शाही सवारी की तर्ज पर निकाली गई। शहर की सड़कों पर जैसे ही शाही सवारी निकली शाही सवारी को देखने एवं बाबा महाकाल के दर्शन के लिए सैकडों की संख्या में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। हर कोई इस ऐतिहासिक पल को अपने मोबाइल में कैद करने को आतुर था। उज्जैन की तर्ज पर ही पालकी में बाबा महाकाल को विराजमान किया गया। शाही ठाट-बाट से निकाली गई बाबा महाकाल की शाही सवारी के दौरान श्योपुर में उज्जैन सा नजारा दिखाई दिया। शाही सवारी के दौरान बडी तादात में श्रद्धालु शामिल हुए। सवारी के दौरान चल रही भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां भी खासा आकर्षण का केन्द्र रही। भव्य शाही सवारी सोनेश्वर महादेव मंदिर से किला रोड, सूबात चौराहा और मुख्य बाजार होते हुए जय स्तंभ चौक पर पहुंची और यहां से पुरानी पुलिस लाइन, जिला पंचायत निवास और रामतलाई हनुमान मंदिर होते हुए वापस सोनेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। शाही सवारी के साथ पुलिस व प्रशासन के अफसर भी साथ चल रहे थे।



### स्वागत के लिए उमड़ा शहर, जगह-जगह उतारी आरती

शहर में सोनेश्वर महादेव समिति के द्वारा निकाली गई इस ऐतिहासिक भव्य बाबा महाकाल की शाही सवारी का आम से लेकर खास ने भक्ति रूपी उत्साह से स्वागत किया। चाहे राजनीतिक दल हो या सामाजिक सभी ने जोरदार स्वागत कर बाबा महाकाल के दर्शन किए। शहर भ्रमण के दौरान जगह-जगह बाबा महाकाल की सवारी का स्वागत किया गया और सवारी के दौरान शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। बाबा महाकाल की शाही सवारी शहर के मार्गो से होकर गुजरी तो दर्शनों के लिए भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। आलकी के पालकी जय हो महाकाल के उद्घोष के साथ हर कोई झूम उठा। शहर में जगह जगह बाबा महाकाल की आरती कर स्वागत किया गया।





### गौतम ब्राह्मण समाज ने किया स्वागत


गौतम ब्राह्मण समाज ट्रस्ट कार्यकारिणी श्योपुर द्वारा भी बाबा महाकाल की शाही सवारी का गौतम धर्मशाला के पास पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। इस दौरान बाबा महाकाल की विधिवत पूजा अर्चना और आरती उतारी गई। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व महिला मंडल पदाधिकारी व समाजीय लोग मौजूद थे।

### चौथ का बरवाडा से वापस बारां जा रहे थे कार में सवार लोग

# नेशनल हाइवे पर हादसा, पुलिया से टकराई कार, दो ममेरे भाइयों की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर-सवाईमाधोपुर नेशनल हाइवे पर रविवार की रात करीब ढाई बजे के आसपास भोगिका तिराहे के पास एक दर्दनाक हादसा घटित हो गया। यहां तेज रफ्तार में आ रही एक कार पुलिया से टकराकर खंती में जा गिरी। इस हादसे के दौरान कार में सवार दो लोगों की मौत हो गई। दोनो मृतक आपस में ममेरे फुफेरे भाई है। जबकि चार लोग घायल हो गए। जिन्हें चोटे अधिक होने की वजह से जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया गया है। कार में सवार लोग राजस्थान के बारां जिले के निवासी है, जो कि चौथ का बरवाडा से वापस बारां लौट रहे थे। सामरसा चौकी पुलिस ने इस मामले में एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है और सोमवार को दोनो मृतकों का पीएम कराकर उनके शव परिजन के सुपुर्द कर दिए है।



पुलिस के मुताबिक कार में सवार सभी लोग राजस्थान के बारां के निवासी है। ये लोग रविवार की रात श्योपुर होते हुए चौथ के बरवाडा से बारां के लिए लौट रहे थे। रात दो बजे के आसपास जब इनकी कार मानपुर थाने के अधीन आने वाली सामरसा चौकी क्षेत्र स्थित भोगिका तिराहे के पास थी, तभी अचानक कार का संतुलन बिगड गया और तेज रफ्तार में दौड रही कार बेकाबू होकर पुलिया से टकराकर खंती में जा गिरी। हादसा इतनी भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान कार में सवार नरेश 28 वर्ष पुत्र कन्हैया लाल वैष्णव तथा संदीप 25 वर्ष पुत्र महावीर वैष्णव निवासी बारां की मौके पर ही मौत हो गई। ये दोनो आपस में ममेरे फुफेरे भाई है। जबकि फिरोज पुत्र शरीफ (ड्राइवर), सचिन 27 वर्ष पुत्र भीमराज सिंह, जोगेन्द्र उर्फ योगेन्द्र सिंह पुत्र चंदा लाल कुम्हार निवासी बारां तथा रफीक 45 वर्ष पुत्र मोहम्मद निवासी श्योपुर घायल हो गए। जिन्हें सामरसा चौकी पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल श्योपुर में भर्ती कराया गया, जहां से चारो घायलों को हालत गंभीर होने के कारण रैफर कर दिया गया है। सामरसा चौकी प्रभारी रवि सिंह कुशवाह ने बताया कि सोमवार को पीएम के बाद शवों को उनके परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# पहली बार निकली कांवड़ यात्रा, नागेश्वर से लाए जल से किया शिव का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोंईकलां

सावन मास के तीसरे सोमवार पर सोंईकलां कस्बे में पहली बार माली समाज नव युवक मंडल द्वारा कावड यात्रा का आयोजन किया गया। यह कावड यात्रा नागदा स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुई। जिसमें कस्बे के युवक और युवतियां कावड में जलभर नागेश्वर से सोंईकलां के लिए रवाना हुई। डीजे के साथ यह कावड यात्रा जाटखेडा, रायपुरा होते हुए सोंईकलां के लिए पहुंची। कावड यात्रा के दौरान श्रद्धालु धार्मिक भजनों पर झूमते नजर आए। कस्बे में इस कावड यात्रा कई जगह स्वागत किया गया। धार्मिक भजनों और जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। कावड यात्रा का समापन कस्बे के गांवघेर स्थित बालाजी मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यहां सभी कांवडियों ने कावड में भरकर लाए जल से भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर अर्पित कर रुद्राभिषेक किया।



# कराहल में रेंज के सरकारी कमरे में मिला फॉरेस्ट गार्ड का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सामान्य वन मंडल की कराहल रेंज परिसर स्थित एक सरकारी क्वार्टर में फारेंस्ट गार्ड का तीन दिन पुराना शव पडा मिला है। पुलिस को खबर मिलने के बाद परिजन को बुलाकर क्वार्टर गेट तोडकर शव को निकालकर उसका अस्पताल में पीएम करवाया गया।कराहल थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

कराहल रेंज के सरकारी कमरे मे लाडलीलाल जोशी बीते शनिवार को तेज बारिश मे सो गया था सोमवार को ज़ब दो दिन से दिखा नहीं तो स्टाप के लोगो ने सरकारी कमरे की खिड़की से देखा तो अंदर लाडली लाल जोशी अचेत हालत में उल्टे पडे दिखे। पुलिस के साथ में परिवार के लोगो को बुलाकर अंदर से बंद दरबाजा की कुंदी तोड़ कर श्योपुर निवासी लाड़लीलाल जोशी का शव का पंचनामा तैयार करा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कराहल थाने के एएसआई बृजेश राजौरिया ने बताया कि पीएम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### परिजन बोले दो दिन से नहीं किया फोन रिसीव

कराहल रेंज के दक्षिण वीट मे तैनात श्योपुर के जोशी मोहल्ला निवासी लाडली लाल जोशी ने दो दिन से किसी का फोन भी नहीं उठाया। जबकि परिजन ने शनिवार की रात से रविवार को पूरे दिन दिन फोन लगाया था सोमवार को एक बजे के करीबन परिजनों को मौत की खबर मिली।

### नशा को रोकने बडौदा में लगी पुलिस की चौपाल, एसडीओपी ने दिलाई शपथ



**श्योपुर।** एसपी वीरेंद्र जैन के निर्देश पर जिले में चल रहे नशा मुक्ति अभियान के क्रम में पुलिस ने सोमवार को बड़ौदा में चौपाल लगाकर लोगों को नशे की बुराइयों के बारे में समझाइश दी। इस दौरान एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना ने आमजन को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। नशा मुक्ति अभियान के तहत बड़ौदा कस्बे के मेन बाजार में बड़ौदा थाना पुलिस द्वारा जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना ने नशा मुक्ति के सम्बन्ध में शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर, समाजसेवी डॉ अशोक आचार्य, नायब तहसीलदार सुरेश राठौर, डॉ अनिल बाथम, सीएमओ ताराचंद धूलिया व व्यापारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### श्यामपुर की 55 बीघा भूमि से अवैध प्रविष्टियां विलोपित करने का आदेश पारित

**श्योपुर।** न्यायालय अपर कलेक्टर द्वारा तहसील वीरपुर अंतर्गत ग्राम श्यामपुर की 55 बीघा भूमि में दर्ज नामों की अवैध प्रविष्टियों को विलोपित कर भूमि को शासकीय घोषित किये जाने का आदेश पारित किया गया है। 55 बीघा भूमि बगैर किसी पट्टे के एवं बगैर किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के सीधे ही भूमिस्वामी के रूप में खसरे में एन्ट्री कर दी गई थी। जिन 16 लोगों के नाम अवैध प्रविष्टि की गई है, उनमें रामनाथी पत्नि अमरलाल रावत, श्रीधर पुत्र मदन रावत, विजय सिंह पुत्र जयलाल रावत एवं गोकुल पुत्र छोटे कहार, मांगी पुत्री छोटे कहार, दीवारीलाल, जगमोहन पुत्रगण बुद्धु रावत, फूलवती बेवा फूलचंद रावत, बनवारी, हरिओम, जगदीश, मावसिया पुत्रगण गणपति, मुन्नी, विमला पुत्रियां गणपति, काशी बेवा गणपति कहार, लालपति पुत्र गोपी के नाम शामिल है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष की पोस्ट से भड़के कांग्रेसी, एफआईआर कराने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भाजपा मंडल प्रेमसर के अध्यक्ष मनोज सुमन द्वारा कांग्रेस को लेकर सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट से युवा कांग्रेसी भडक गए है। सोमवार को कांग्रेसियों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष की पोस्ट को अमर्यादित और आपत्तिजनक बताते हुए एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग को लेकर एसपी वीरेन्द्र जैन को एक ज्ञापन सौंपा है।

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा की अगुवाई में सौंपे गए ज्ञापन में युवा कांग्रेसियों ने उल्लेख किया है कि भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसर ने कांग्रेस को लेकर जो पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली है,वह अमर्यादित होकर आपत्ति जनक है। इस पोस्ट से न केवल मृत व्यक्तियों का अपमान हो रहा है,बल्कि सभ्य समाज में तैनाव फैलने की स्थिति भी निर्मित हो रही है। इसमामले में भाजपा मंडल प्रेमसर के अध्यक्ष के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान विधायक प्रतिनिधी सिराज दाउदी, राममिलन रावत सहित बडी संख्या में युवा कांग्रेसी मौजूद थे।



### मेडिकल कॉलेज के डेंटल सर्जन डॉ दीपक व डॉ कविता ने संसाधन विहीन अवस्था में की सर्जरी

# श्योपुर जिला अस्पताल में पहली बार किया गया जबड़े के फ्रैक्चर का जटिल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कभी स्वास्थ्य सुविधा विहीन रहा श्योपुर जिला अब स्वास्थ्य सेवा के मामले में लगातार इतिहास गढ़ रहा है। मेडिकल कॉलेज में पदस्थ होकर श्योपुर आए सर्जन चिकित्सक आए दिन ऐसे ऑपरेशन जिला अस्पताल में कर रहे हैं जिन्हें कराने के लिए लोगों को पहले कोटा, जयपुर या ग्वालियर जाना पड़ता था। लेकिन अब जटिल से जटिल ऑपरेशन भी जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ दीपक शर्मा एवं डॉ कविता शर्मा ने दुर्घटना में घायल एक युवक के जबड़े में हुए फैक्चर का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया। खास बात यह है कि इस ऑपरेशन को करने के लिए जिला अस्पताल के पास एनेस्थीसिया सुविधा नहीं थी इसके बावजूद चिकित्सकों ने अपने रिस्क पर मरीज को बेहोश किए बिना यह सफल ऑपरेशन किया। जिस मरीज का ऑपरेशन हुआ है वह बेहद गरीब परिवार से है अगर उसका ऑपरेशन जिला अस्पताल में नहीं होता तो उसे इलाज़ के लिए कोटा या ग्वालियर जाना पड़ता। जिसमें पैसे की बर्बादी के साथ अत्यधिक रक्त स्राव के कारण उसकी मौत होने का खतरा भी था।

विगत दिनों सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लाए गए ग्राम ददूनी निवासी रामस्वरूप मेहरा का जबड़ा ठोडी के पास चोट लगने से दो भागों में विभाजित हो गया था। मुंह के अंदरूनी हिस्से में भी कई चोटें आई थी। मरीज़ की गंभीर हालत को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने जिला अस्पताल में सेवाएं दे रहे मेडिकल कॉलेज के मैक्सिलोफ़ेशियल सर्जन डॉ. दीपक शर्मा एवं डॉ कविता शर्मा ( सीनियर रेसिडेंट) को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचने के बाद प्रथम दृष्टिया में मरीज़ की हालत नाजुक बताते हुए तत्काल ऑपरेशन करने की बात कही। चूंकि अभी तक इस प्रकार के फैक्चर और चोट ग्रस्त घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद कोटा ग्वालियर रेफर कर दिया जाता था, इसी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने भी घायल को रेफर करने की सलाह दी लेकिन मेडिकल कॉलेज के दोनों विशेष चिकित्सकों ने दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए घायल की जान बचाने के लिए संसाधन की कमी के बावजूद जिला अस्पताल में ही ऑपरेशन करने का निर्णय लिया, डेंटल विभाग के डॉ प्रदीप शर्मा, डॉ हिमांशु गुप्ता एवं डॉ राधिका मित्तल के सहयोग से सफ़ल आपरेशन कर स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में जिले नया इतिहास रच दिया।



### दिल्ली मुंबई तक का रुकेगा रेफरल

जिला अस्पताल में सेवा दे रहे मेडिकल कॉलेज के मैक्सिलोफ़ेशियल सर्जन डॉ. दीपक शर्मा एवं डॉ. कविता शर्मा ( सीनियर रेसिडेंट) का दावा है कि वह अब मुंह के गंभीर से गंभीर ऑपरेशन भी अब मेडिकल कॉलेज श्योपुर में कर सकने में समर्थ हैं। उन्होंने बताया कि जिस तरह पान मसाला तंबाकू के सेवन से मुंह में कैंसर हो जाता है इसी तरह दांतों में भी लंबे बीमारी घाव के चलते कैंसर जैसे लक्षण बन जाते हैं जिनका ऑपरेशन करने के लिए अभी लोगों को दिल्ली मुंबई जाकर लाखों रुपया खर्च करना पड़ते हैं लेकिन मेडिकल कॉलेज में अब इस तरह के गंभीर ऑपरेशन भी संभव होंगे कुल मिलाकर दांतों से संबंधित किसी भी तरह की बीमारी और ऑपरेशन के लिए अब जिला वासियों को जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### संसाधनविहीन ओटी में हुआ ऑपरेशन

इस ऑपरेशन की विशेषता यह रही कि इसे जनरल एनेस्थीसिया के बिना, केवल स्थानीय एनेस्थीसिया में किया गया जो मेडिकल टीम की विशेषज्ञता और तकनीकी क्षमता को दर्शाता है। दर असल इस तरह के ऑपरेशन के लिए मरीज को सांस लेने के लिए नाक में नली डाली जाती है लेकिन जिला अस्पताल में सामान्य ऑपरेशन वाली एनेथीसिया सुविधा ही उपलब्ध थी जिसमें श्वास लेने के लिए नली मुंह के भीतर से डाली जाती है। लेकिन इस तरह के ऑपरेशन में श्वास नली नाक के रास्ते से डाली जाती है ऐसी स्थिति में चिकित्सकों ने बिना एनेस्थीसिया के (बिना बेहोश किए) ही मरीज का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दिया। इस तरह का ऑपरेशन करना किसी चुनौती से कम नहीं था जो मेडिकल कॉलेज के इन दोनों युवा चिकित्सकों बखूबी स्वीकारते हुए उसमें सफलता हासिल की।

### डॉक्टरों ने किया उपकार

मेरे भाई का जबड़ा बुरी तरह टूट गया था हम उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लेकर आए थे बचने के कोई चांस दिखाई नहीं पड़ रहे थे अस्पताल प्रबंधन रेफर करने पर जोर डाल रहा था अगर कोटा जाते तो लाख पचास हजार रुपए खर्च होना मामूली बात थी लेकिन मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने श्योपुर में ही ऑपरेशन कर मेरे परिवार पर बड़ा उपकार किया है आयुष्मान योजना से इलाज़ होने के कारण हमें एक रुपया भी खर्च नहीं करना पड़ा।

**महावीर मेहरा ददूनी**
**घायल का भाई**

# धोरेटे बाबा के जंगल से दो थानों की पुलिस ने मिलकर दबोचा 10 हजार का इनामी बदमाश

**श्योपुर।** वीरपुर थाना क्षेत्र स्थित धोरेट बाबा के जंगल में घूम रहे एक दस हजार के इनामी बदमाश को जंगल सर्चिंग के दौरान वीरपुर और ढोढर थाने की पुलिस टीमों ने मिलकर दबोचा है। यह बदमाश जंगल में बनी खिरकाईयों पर दहशत फैलाने की घूम रहा था। दरअसल इन दिनों एसपी वीरेन्द्र जैन ने जंगल में मौजूद सभी थानों की पुलिस को अलर्ट मोड पर रखते हुए खिरकाईयों की सतत निगरानी करने के निर्देश जारी कर रखे है। इसी क्रम में जब वीरपुर थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर और ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर की अगुवाई में इन दोनों थानां की पुलिस टीम जब खिरकाईयों पर निगरानी के लिए जंगल में घूम रही थी,तभी पुलिस को धोरेट बाबा के जंगल में बलवीर पुत्र लोकमन गुर्जर निवासी खाईदार मौजा कुदिन्ना थाना सोने का गुर्जा जिला धौलपुर राजस्थान मिल गया है। जिसे पुलिस ने तत्काल दबोच लिया। क्योंकि यह बदमाश ढोढर थाना क्षेत्र स्थित खिरकाई पर चंदा वसूली के लिए पहुंचे बदमाशों की गैंग में शामिल था और उस पर 10 हजार का इनाम भी घोषित है। तलाशी के दौरान बदमाश के कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए है।



# भौतिक सत्यापन में बीईओ को बंद बारिश के बाद भी टपकते मिले भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सरकारी स्कूलों के भवनों के हाल किस कदर खराब है इसकी बानगी अफसरों को भौतिक सत्यापन में देखने को मिल रही है। दरअसल कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिए गए निर्देश की पालना में जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने सभी संकुल प्रिंसिपलों के माध्यम से शाला प्रभारियों को शुक्रवार तक अपने स्कूल भवनों की जानकारी हर हाल में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं साथ ही जिले के तीनों खंड शिक्षा अधिकारी और सभी संकुल प्रिंसिपलों को भौतिक सत्यापन के लिए निर्देशित किया हैं। इस क्रम में सहायक संचालक एवं खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर मधु शर्मा ने सोमवार को कई स्कूलों का निरीक्षण किया जिनमें उन्हें कुछ स्कूलों में बारिश बंद होने के बाद भी छत से पानी टपकता दिखा।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्कूल रायपुरा में बीईओ शर्मा को भवन की छत से अभी भी पानी टपकता दिखाई पड़ा इस पर बीईओ ने शाला प्रभारी को निर्देशित किया कि स्कूल के जर्जर होने की जानकारी तो अविलंब भिजवा ही दें लेकिन छत पर पानी भराव न हो इसके लिए भी आप अपने विवेक से काम कर सकते हो उन्होंने छत की सफ़ाई न होने पर नाराज़गी जताते हुए शाला कंटेंजेसी राशि का उपयोग आवश्यकता वाले कामों के लिए करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में हाईस्कूल रायपुरा एवं पीएम श्री विद्यालय मिडिल स्कूल क्रमांक 2 बायपास रोड निरीक्षण के दौरान भी उन्हें जो कमियां मिली उसे दूर करने के निर्देश देते हुए साफ सफाई करने और मेंटेनेंस के लिए जानकारी शुक्रवार तक हर हाल में देने के लिए शाला प्रभारियों को निर्देशित किया।



### एक गांव ऐसा भी... एसडीएम के पास लेकर पहुंचे शिकायत

# माढ़ा गणेशखेड़ा के ग्रामवासियों को चार माह से नहीं मिला राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

उचित मूल्य की दुकानों पर पीओएस मशीन से खाधान्न वितरण की व्यवस्था शासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। इसके बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में पीडीएस की दुकानों को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इसी क्रम में कोलारस अनुभाग क्षेत्र के ग्राम माढा गणेशखेडा तहसील रन्नौद की शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर ग्राम वासियों को बीते 4 माह से राशन न मिलने की समस्या ने तूल पकड लिया है। उक्त मामले को लेकर रविवार को ग्राम वासियों ने माढा गणेशखेडा चौराहा रन्नौद मार्ग पर जाम लगा दिया था। जिसे रन्नौद थाना प्रभारी अरविंद चौहान द्वारा मशक्कत के बाद हटवाया गया। सोमवार को उक्त उचित मूल्य की दुकान पर चल रही अव्यवस्था को लेकर ग्राम वासियों द्वारा एसडीएम अनूप श्रीवास्तव को शिकायत करते हुए बताया गया की उक्त पीडीएस की दुकान गांव से 3 किमी दूर स्थित है और समय पर नहीं खुलती है। महिने में एक दो बार ही दुकान खोली जाती है। पीडीएस दुकान का सेल्समैन रामकृष्ण लोधी हैए जो कभी पीडीएस दुकान पर नहीं आता है। जिसका संचालन उसने बबलू यादव को सौंप रखा है। ग्राम वासियों ने बताया की हम सभी से



ई-केवाईसी कराने के नाम पर अंगूठे लगवा लिए गए और हमारे हक के 4 माह के राशन को सेल्समैन द्वारा हडप लिया गया। शिकायत कर्ताओं ने बताया की हम जब 3 किमी दूर स्थित पीडीएस दुकान पर जाकर राशन देने की बात करते हैं तो सेल्समैन कह देता है कि अभी उपर से तुम्हारा राशन नहीं आया है। कई बार पीडीएस दुकान के चक्कर लगाकर हम परेशान हो चुके हैं। हमारे घरों में खाधान्न भी खत्म हो गया है। अपना खाधान्न प्राप्त करने के लिए सोमवार को ग्राम वासियों ने कोलारस आकर एसडीएम अनूप श्रीवास्तव से उक्त मामले की शिकायत दर्ज

**इनका कहना है**

माढा गणेशखेडा के कई ग्रामीण उचित मूल्य की दुकान पर 4 माह का राशन न मिलने की शिकायत लेकर आए थे। इस संदर्भ में मैनें जांच टीम गठित कर दी है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद वैधानिक कार्यवाई की जाएगी।

**अनूप श्रीवास्तव**, एसडीएम कोलारस

### किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सयुंक्त किसान मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



कोलारस। सयुंक्त किसान मोर्चा कोलारस द्वारा किसानों की मूलभूत समस्याओं को लेकर सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी कोलारस के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। कोलारस अनुभाग क्षेत्र में हुई अतिवर्षा के कारण कई ग्रामीण अंचलों में किसानों की फ सल को काफी नुकसान पहुंचा है। सयुंक्त किसान मोर्चा के सदस्यों ने नुकसान हुई फ सलों का शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा की मांग की है। जो किसान खरीफ फ सल की बोनी नहीं कर पाए हैं उनका भी सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाए। खरीफ फ सल के लिए किसानों को पर्याप्त यूरिया खाद उपलब्ध कराई जावे एवं शासकीय व निजी प्रतिष्ठानों पर भी इसकी उपलब्धता सुनिश्चित हो। तथा यूरिया की कालाबाजारी पर रोक लगाई जावे। आवारा पशुओं को क्षेत्र में संचालित गोशालाओं में भिजवाया जाए। जो गोशालाएं बंद पडी हुई हैं उन्हें प्रारंभ कराया जाए। गोशालाओं की सतत निगरानी की जावे। फसल बीमा के सर्वे की वास्तविक जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई जाए। आगामी रवि फ सल के लिए डीएपी, एनपीके व यूरिया समय पर उपलब्ध हो सके, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस प्रकार उक्त 6 प्रमुख मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा कोलारस ने एसडीएम अनूप श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

### कूटरचित दस्तावेज, धोखाधडी, शासन की राजस्व चोरी सहित

# राधिका कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर का वर्ष 2023 में जीएसटी निरस्त, फि र भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस।

जनपद विभाग में अंजाम दिए गए भ्रष्टाचार के बडे-बडे कारनामों में एक और कारनामा शुमार हो गया है। जिसमें सुनियोजित ढंग से फ र्जी बिलों के नाम पर ग्राम पंचायतों से करोडों रूपयों का भुगतान कराने का मामला प्रकाश में आया है। कोलारस जनपद क्षेत्र में संचालित राधिका कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर नाम की फ र्म ग्राम कुम्हरौआ में गली नंबर.1 हाउस नंबर.52 चांदनी चौक कुंआ के पास हरगोविंद धाकड द्वारा कागजों में संचालित होना बताया गया है। उक्त फर्म का जीएसटी नंबर 23 बीक्यूपीडी9886आर1जेडजी है। जो 19 अक्टूबर 2023 को निरस्त हो चुका है। जीएसटी पंजीयन में इस फर्म पर सिर्फ सीमेंट विक्रय करने का लाईसेंस जारी किया गया था। किंतु उक्त फ र्म के संचालक हरगोविंद धाकड ने सीमेंट के साथ.साथ गिटटी, रेत, मिक्सर मशीन, टैंकरए खंडा, बोल्डर सहित रॉयल्टी वाली सामग्रियों को भी 2 दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में सप्लाई करना दर्शा दिया गया। जबकि धरातल पर इस नाम की कोई दुकान या फ र्म मौजूद ही नहीं है। कागजों में हेरा-फेरी कर निरस्त हो चुकि जीएसटी के बिलों पर भी इसके संचालक हरगोविंद धाकड द्वारा लगातार ग्राम पंचायतों को निर्माण सामग्री के बिल देना जारी रखा। जिनका लगभग 1 करोड से अधिक का भुगतान भी आहरण किया गया। इसमें जनपद विभाग के अफसरों से मिलकर सरपंचए सचिव व सहायक सचिवों ने करोडों की राजस्व चोरी को अंजाम दिया है। आखिरकार जनपद विभाग के अफसरों ने किस आधार पर उक्त बिना जीएसटी के फर्जी बिलों को सत्यापित कर दिया। ये बडे हैरत का विषय है। इस फर्म द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार करना, धोखाधडी और राजस्व की चोरी जैसे संगीन आर्थिक अपराध को कारित करने के लिए ग्राम पंचायत कुम्हरौआए पचावलीए अटरूनी, डेहरवारा, इमलावदी, चंदौरिया, बेंहटा, सेसईखुर्द, बिजरी, नेतवास, भाठी, पचावला, धुंआ, सुआटोर, चक्क, खैरोना के सचिवों और सहायक सचिवों को अपने विश्वास में लेकर ये काला कारनामे को अंजाम दिया। फर्म संचालक हरगोविंद धाकड ने उक्त सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों व सचिवों को गुमराह कर फर्जी बिल पकडा दिए और उनका भुगतान करा लिया। अब जब मामला उजागर हो गया है तो उक्त फर्जी बिलों के आधार पर करोडों की राजस्व चोरी का खुलासा होना तय है।

**बारिश के कारण माल उपलब्ध नहीं है**

जब इस संदर्भ में राधिका कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर फर्म के संचालक हरगोविंद धाकड से चर्चा की गई तो उन्होनें बताया कि बारिश के कारण माल उपलब्ध नहीं है। जब उनसे दुकान का पता पूछा गया तो वो गोलमोल जबाव देने लगे। कहने लगे की हम सीधा ग्राम पंचायतों को माल सप्लाई करते हैं। जीएसटी निरस्त को लेकर फर्म संचालक हरगोविंद धाकड ने चुप्पी साध ली।

### कूटरचित, धोखाधडी और राजस्व चोरी का मामला बनता है

वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि इस प्रकार के फर्जी बिल लगाने वाले फर्म संचालक पर पुलिसए खनिज और जीएसटी विभाग द्वारा बडी कार्रवाई सुनिश्चित की जाना चाहिए। चुकिं करोडों रूपये की राशि की निर्माण सामग्री बिना जीएसटी के बिल पर सप्लाई की गई है। इसमें फर्जी बिलों का उपयोग किया गया है। बिना जीएसटी नंबर के बिलों पर सामग्री की सप्लाई करना बडे आर्थिक अपराध के अंतर्गत आता है। इसमें फर्म संचालक पर कूटरचित दस्तावेज, धोखाधडीए शासन की राजस्व चोरी और खनिज विभाग की रॉयल्टी चोरी का मामला बनता है। जिसके तहत बीएनएस की धारा 318ए, 4, 338 एवं जीएसटी टैक्स चोरी का मामला बनता है। पुलिस.प्रशासनए खनिज विभाग और जीएसटी टैक्स अधिनियम के अंतर्गत उक्त फर्म पर बडी कार्रवाई होना चाहिए।

चित्रकला प्रतियोगिता में 40 बच्चों ने लिया हिस्सा

# जल संरक्षण, पेड़ों की कटाई रोकने जैसे संदेशों को चित्रकला के माध्यम से दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



बीपीसीएल बीना रिफाइनरी द्वारा संचालित समतव कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को ग्राम किर्रोद में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रतियोगिता में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने अपने रंगों और कल्पनाओं के माध्यम से जल संरक्षण, पेड़ों की कटाई रोकने और अधिक से अधिक पौधे लगाने जैसे सदेशों को दर्शाया गया। बच्चों ने यह स्पष्ट रूप से दर्शाया कि एक स्वस्थ समाज की नींव एक स्वस्थ पर्यावरण पर ही टिकी होती है। बीना रिफाइनरी का यह प्रयास बच्चों को रचनात्मक मंच देने का कार्यरत है एवं पर्यावरण चेतना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# रेलवे ट्रेक पर मिला शव, ड्राइवर ने दिखाई मानवता

### ट्रैक पर पड़े शव को ब्रेक यान में रखकर पहुंचाया बीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



क्षेत्र में 24 घंटे में अलग अलग स्थानों पर 2 शव मिले है। जिनमें से एक तेलंगाना तो दूसरा महाराष्ट्र राज्य का होना बताया जा रहा है। वहीं एक महिला की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई है। पुलिस एवं जीआरपी ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव- कुरवाई कैथोरा और मंडी बामोरा स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर सोमवार को करीब 52 वर्षीय एक मिला है। जिसकी सूचना मिलते ही मंडी बामोरा डिप्टी एसएस ने तत्काल स्थानीय रेलवे स्टेशन एवं जीआरपी को दी है। जीआरपी ने मर्ग कायम कर शव को सिविल अस्पताल के मर्चुरी रूम में रखा है। भोपाल से झांसी की ओर जा रही ट्रेन नंबर 05560 के ड्राइवर ने मानवता का परिचय देते हुए रेलवे ट्रैक पर पड़े शव को गैंगमैन की मदद से ट्रेन के ब्रेक यान में रखवाया और शव को बीना स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 पर उतारकर स्टेशन प्रबंधन और जीआरपी को सूचना दी। सूचना मिलने पर जीआरपी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव की तलाशी ली। जिसमें एक आधार कार्ड बरामद हुआ। जिसमें मृतक की पहचान मारी राजी रेड्डी, निवासी सिरपुर, रंगा रेड्डी, तेलंगाना के रूप में हुई है। आधार कार्ड के आधार पर जीआरपी परिजनों से संपर्क करने में जुटी हुई है। जीआरपी एएसआई छेदीलाल मिश्रा ने बताया कि शव को मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। रिफाइनरी के पास ग्राम गांव में झाड़ियों में करीब 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव मिला है। जो महाराष्ट्र राज्य का होना बताया जा रहा है। आगासौद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत- छोटी बजरिया चौकी स्थित गणेश वार्ड निवासी नर्मदा पिता मोहन अहिरवार उम्र 50 वर्ष को जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतिका का सिविल अस्पताल में पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

### रीवा-रानी कमलापति-रीवा के मध्य एक-एक ट्रिप चलेगी स्पेशल ट्रेन

**बीना।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर घर वापसी के लिए यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने रीवा-रानी कमलापति- रीवा के मध्य एक-एक ट्रिप एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना, विदिशा रूकते हुए अपने गन्तव्य को जाएगी। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 01704 रीवा-रानी कमलापति एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन रविवार 10 अगस्त को रीवा स्टेशन से शाम 6:45 बजे प्रस्थान कर, 7:50 बजे सतना, 8:23 बजे मैहर, 9:40 बजे कटनी मुड़वारा, 11:05 बजे दमोह, मध्यरात्रि 12:10 बजे सागर, 1:55 बजे बीना, 3 बजे विदिशा और सुबह 4:40 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

# गायत्री मंत्र की उपासना सर्वश्रेष्ठः डॉ. अभिलाषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गायत्री शक्तिपीठ पर चल रहे पांच दिवसीय जिला स्तरीय श्रद्धा कौशल संवर्धन कार्यकर्ता आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में जिले भर से गायत्री परिजन मौजूद रहे। प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठन का महत्व, सभी स्वयंसेवकों के लिए आचार संहिता के पालन के निर्देश तथा अनुशासन सिखाया गया। समापन पर डॉक्टर अभिलाषी ने कहा कि गायत्री मंत्र की उपासना सर्वश्रेष्ठ है। इसमें बुद्धि को सन्मार्ग में प्रेरित करने के लिए प्रार्थना है। मनुष्य को सद्बुद्धि आ जाए तो उसे भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों लाभ प्राप्त होते हैं, उपासना का अर्थ है पास बैठना। यानी कि भगवान के पास बैठना। अगर बछड़ा गाय के पास न बैठे तो उसे दूध कहां से मिलेगा। पारस को छुए बिना सोना लोहा कैसे बनेगा। इस प्रकार ईश्वर के समीप गए बिना आत्मा की भूख कैसे मिटेगी, यह उपासना की पद्धति है जो मनुष्य को तृप्त करती है। कार्यक्रम के अंत में सभी परिजनों ने माता जी की जनशताब्दी को सफल बनाने का संकल्प लिया। डॉक्टर अशोक दीवान एवं बेनी प्रसाद सेन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# तारण तरण दिगंबर जैन समाज के चुनाव हुए संपन्न राजेश जगतसाब बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



रविवार को तारण तरण दिगंबर जैन समाज के सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुए। जिसमें सकल समैया समाज ने सर्वसम्मति से सेठ राजेश कुमार जगतसाब को अध्यक्ष, सचिन समैया को मंत्री, अरविंद कुमार बड़कुल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनोज बैसाखियां को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मनोज मोदी को उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष प्रदीप समैया मोदी एवं उपमंत्री चेतन समैया को बनाया गया है। वहीं तारण भवन समिति में स्मेश समैया, ऋषभ जैन शिक्षक, सुभाष सिंघ्ई, मुकेश जैन, तरंग, उमेश बड़कुल, नितिन बैसाखियां, मयंक समैया तीन शेर को चुना गया। संरक्षक मंडल में सिंघई ज्ञानचंद, राजेंद्र जगतसाब, प्रमोद तीनशेर, रमेश जगतसाब, राजेंद्र समैया को चुना गया है। चुनाव प्रक्रिया राष्ट्रीय कवि सुनील समैया ने शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराएं। चुनाव उपरांत जितेन्द्र समैया के कार्यालय में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

# प्रकृति का संरक्षण केवल एक दिन का उत्सव नहींः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा प्रकृति का संरक्षण केवल एक दिन का उत्सव नहीं है। यह हमारी जीवन की आदत होना चाहिए। हमारे छोटे-छोटे प्रयास आने वाली पीढियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण देने में सहायक होंगेरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर रश्मि जैन ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ प्रकृति ही हमारा जीवन है। प्रकृति संरक्षण हमारा नैतिक दायित्व है।

डॉक्टर दिनेश राय ने कहा हमारे जीवन शैली से प्रकृति बाधित न हो यह हमारा कर्तव्य है गुप्ता ने कहा कि अगर प्रकृति संरक्षित होगी तो हमारा जीवन भी सुरक्षित होगा। शोधार्थी शुभम राठौर ने कहा हमें स्वयं जागरूक रह कर सभी को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। प्लास्टिक पशु धन के लिए घातक है इससे भी प्रकृति को बचाना है। इस अवसर पर छात्राओं को प्रकृति संरक्षण संबंधी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई।

यह रहे विजेता- ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना का पराक्रम विषय पर कोलाज प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता में प्रथम पूनम अहिरवार, द्वितीय सुरभि डांगी एवं तृतीय स्थान पर हरिओम ठाकुर रही। निर्णायक के रूप में प्रशांत कुशवाहा, ज्योति राठौर एवं आरती ठाकुर ने सहयोग किया। इसमें अमरजीत सिंह मठारू नीलेश शर्मा, मनीष कुशवाहा, विकास राजपूत, पूजा रजक आदि मौजूद रहे।

### दिसंबर तक हर माह होने वाले मासिक प्रशिक्षण का हुआ समापन

# प्रशिक्षण में 220 शिक्षकों को सुझाए नवीन टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के 220 हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए विषय शिक्षण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शहर के शासकीय उमावि क्रमांक 2 में आयोजित किया गया। दिसंबर तक हर माह 3 दिन तक चलने वाले जुलाई मास के इस प्रशिक्षण में अंतिम दिन सोमवार को सामाजिक विज्ञान व संस्कृत विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें मास्टर ट्रेनरों द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओं को विषय पढ़ाने की नई तकनीक और नवीन तरीकों की जानकारी दी गई।

जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित हुए प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डीईओ विवेक श्रीवास्तव, रमसा के एडीपीसी राजा बाबू आर्य, जिला प्रशिक्षण प्रभारी सुनील चौरसिया, भूपेंद्र शर्मा व संजय जैन सहित मास्टर ट्रेनर, रमसा के फराज पठान व जावेद कुरैशी सहित हाई स्कूलों में पढ़ाने वाले 220 शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

**विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल बनाने की नई तकनीक का दिया ज्ञान**

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के एडीपीसी राजा बाबू आर्य ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश पर सोमवार को जिले के हाई स्कूलों में पढ़ने वाले संस्कृत व सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। संस्कृत विषय के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर राजेंद्र शुक्ला, अरुण तिवारी, दीपेंद्र शर्मा व शक्ति अवस्थी द्वारा शिक्षकों को नई-नई तकनीक सिखाई गई वहीं सामाजिक विज्ञान विषय में मास्टर ट्रेनर जयंत सिंह सिकरवार, महेश वर्मा, विजय शर्मा व वंदना द्वारा विषय पढ़ाने के नए टिप्स दिए गए। शिक्षण में बताया गया कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल बनाने के लिए अलग-अलग तकनीक और नए तरीकों का किस तरह इस्तेमाल करना है।प्रशिक्षण की समस्त व्यवस्थाओं का संचालन रमसा के फ राज पठान व जावेद कुरैशी द्वारा किया गया।

**सितंबर तक हर माह 3 दिन तक चलेगा 10वीं के विषय शिक्षकों का प्रशिक्षण**

रमसा के एडीपीसी राजाबाबू आर्य का कहना है कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देश पर हाई स्कूल के सभी 6 विषयों का प्रशिक्षण दिसंबर माह तक हर महीने तीन दिन तक आयोजित किया जाएगा। हर माह के प्रशिक्षण की तिथियां डीपीआई भोपाल से निर्धारित कर दी गई है। इस प्रशिक्षण का मकसद विषय शिक्षकों को ऐसी शिक्षण तकनीक प्रदान करना है जिससे कि जिले के परीक्षा परिणामों मैं सुधार आ सके साथ ही शिक्षक नई तकनीक और पढ़ाने के नए तरीके सीख सकें।